राज्यपाल सचिवालय
राजभवन जयपुर

**राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों की विशेष समीक्षा बैठक ली**

## राजस्थान उच्च शिक्षा में बेहतर बने – राज्यपाल

जयपुर, 16 अप्रैल। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने तकनीकी शिक्षा के अंतर्गत नवाचार अपनाते हुए नवीन उपकरणों के आविष्कार में भारत को अग्रणी करने, अधिक से अधिक पेटेंट स्वीकृत कराने, पाठ्यक्रम में बौद्धिक क्षमता विकास के लिए विशेष ध्यान देने आदि के भी निर्देश दिए।

श्री बागडे बुधवार को राजभवन में विश्वविद्यालयों की विशेष समीक्षा बैठक में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नई शिक्षा नीति को लागू किए जाने और 'नैक' एक्रीडिएशन के लिए विश्वविद्यालयों द्वारा की जा रही कार्यवाही के बारे में भी विशेष रूप से जानकारी ली तथा कहा कि राजस्थान के सभी विश्वविद्यालय शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें।

राज्यपाल ने कहा कि राजस्थान उच्च शिक्षा में बेहतर बने, इसके लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इसके लिए यदि नियमों में और कानून में बदलाव की भी आवश्यकता पड़ी तो किया जाएगा। उन्होंने मातृभाषा में शिक्षा, भारतीय ज्ञान परम्परा और संस्कारों से नई पीढ़ी को जोड़ने और नई शिक्षा नीति के आलोक में विश्वविद्यालयों को उत्कृष्ट पाठ्यक्रम तैयार कर अध्ययन अध्यापन की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने पर जोर दिया।

उन्होंने 'नैक' के मापदंड के अनुसार विश्वविद्यालयों को अधिस्वीकृत करवाने के लिए कार्यवाही समयबद्ध करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के अनुरूप भारत वैश्विक स्तर पर ज्ञान संपन्न बने, इसके लिए सभी कार्य करे। उन्होंने राजस्थान के विश्वविद्यालयों को देशभर में अग्रणी किए जाने का भी आह्वान किया।

राज्यपाल के सचिव डॉ. पृथ्वी ने राजस्थान में विश्वविद्यालयों में नवाचारों के साथ वैश्विक आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षा और शोध पर विशेष ध्यान केन्द्रित किए जाने की आवश्यकता जताई। उच्च शिक्षा विभाग के सचिव श्री भानु प्रकाश अटरू ने राजस्थान में कॉलेज और विश्वविद्यालय शिक्षा से संबंधित प्रगति के बारे में अवगत कराया।

----






राजभवन
राजस्थान

